# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 4296 / 2023 दिनांकः 04 मार्च, 2023

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 18 Actionable Points के बिन्दु संख्या D–2( Digital Nodel Centers) के अनुरूप आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये Digital Nodel Centers स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्याः 660 / सत्तर–3–2023–08(21) / 2022, दिनांकः 02 मार्च, 2023 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 18 Actionable Points के बिन्दु संख्या D–2( Digital Nodel Centers) के अनुरूप आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये Digital Nodel Centers स्थापित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।**

**तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निर्देश प्राप्त हुआ है कि विद्यार्थियों द्वारा सुगमता से यू0जी0सी0 नियमानुसार मान्यता प्राप्त संस्थानों / SWAYAM / NEPTEL / NIELIT / vlab** आदि के कोर्स / पेपर का अध्ययन कर नियमानुसार क्रेडिट का लाभ प्राप्त यि जाने हेतु जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में **Digital Nodel Centers स्थापित किये जाने हेतु 01 नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा नामित करते हुए निम्न प्रारूप पर विश्वविद्यालय को दिनांकः 10 मार्च, 2023 तक सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–**

| महाविद्यालय का नाम | नोडल अधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर | ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत नोडल अधिकारी आनलाईन शिक्षा को बढावा देने के लिये विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों में आनलाईन जागरूकता अभियान चला कर विद्यार्थियों को आनलाईन कोर्स / पेपर एवं क्रेडिट हस्तानान्तरण से सम्बन्धित जानकारियों से अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–**

01. माननीय कुलपति जी।
02. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
03. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

D–2 (Digital Nodal Centres)

संख्या–660/सत्तर–3–2023–08(21)/2022

प्रेषक,

**डा0 सुधीर एम0 बोबडे,**
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3**

**लखनऊ : दिनांक 02 मार्च, 2023**

**विषय** :राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 18 Actionable points के बिन्दु संख्या D-2 (Digital Nodal Centres) के अनुरुप आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये Digital Nodal Centres स्थापित किये जाने के सम्बंध में ।

महोदय,

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा निर्धारित 18 Actionable points के बिन्दु संख्या D-2 (Digital Nodal Centres) के अनुरूप आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में Digital Nodal Centres स्थापित किये जाने हैं, जिससे विद्यार्थियों द्वारा सुगमता से यू.जी.सी. नियमानुसार मान्यता प्राप्त संस्थानों/SWAYAM/NEPTEL/NIELIT/vLab आदि के आनलाईन कोर्स/पेपर का अध्ययन कर नियमानुसार क्रेडिट का लाभ प्राप्त किया जा सके।

2– इस सम्बन्ध में कृपया अपने से सम्बन्धित उच्च शिक्षण संस्थान में Digital Nodal Centres स्थापित किये जाने हेतु एक **नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा** नामित करने का कष्ट करें तथा अपने क्षेत्राअर्न्तगत आने वाले समस्त महाविद्यालयों को भी उक्त के लिये नोडल अधिकारी नामित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त नोडल अधिकारी सम्बन्धित उच्च शिक्षण संस्थान में आनलाईन क्रेडिट हस्तानांतरण हेतु राज्य नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के आनलाईन क्रेडिट हस्तानांतरण को सुनिश्चित करायेंगे।

उक्त के अतिरिक्त प्रश्नगत नोडल अधिकारी आनलाईन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में आनलाईन जागरुकता अभियान चला कर विद्यार्थियों को आनलाईन कोर्स/पेपर एवं क्रेडिट हस्तानांतरण के सम्बंध में जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

3– कृपया उपरोक्तानुसार नामित विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा का विवरण (Excel sheet- Name, Contact number, email id, Designation, HEI name) प्रो. दिनेश चन्द्र शर्मा, नोडल अधिकारी–आनलाईन शिक्षा, उच्च शिक्षा विभाग को ईमेल (dr_dineshsharma@hotmail-com) पर एक सप्ताह में प्रेषित कर इसकी सूचना शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

2/3/23

**( डा0 सुधीर एम0 बोबडे )**
प्रमुख सचिव।

NANI G.O

संख्या– 660 (1)/सत्तर–3–2023–तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

2– अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार वांछित सूचनायें संकलित करते हुए समेकित सूचना उच्च शिक्षा अनुभाग–3 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

4– प्रो0 दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–4362/सत्तर–3–2022–08(21)/2022, दिनांक 29.12.2022 के कम में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

( गिरिजेश कुमार त्यागी )
विशेष सचिव।